## खबर संक्षेप

### कॅरिअर एवं लीगल जागरूकता पर व्याख्यान

**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलौडी कटनी मे स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन योजना के तहत कॅरिअर एवं लीगल जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान सागर जिले से आमंत्रित किये गए विशेषज्ञ वार काउंसिल सदस्य हाई कोर्ट जबलपुर एडवोकेट दीन दयाल अहिरवार ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रदान किया। उन्होंने एक घंटे के व्याख्या के दौरान के लीगल और कॅरिअर संबंधी विश्यायों पे चर्चा करी। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अंकुर ओमर तथा प्राचार्य रतिराम अहिरवार उपस्थित रहे।

### आए दिन हो रही चोरी की वारदातों से लोगों में दहशत

**बरही।** सक्रिय चोर बदमाश द्वारा आए दिन वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। नगर में चोरी की वारदातें खुलेआम होने लगी हैं। बरही नगर के मैहर मार्ग स्थित गुरुधाम कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने उमरिया जिले के भाजपा नेता प्रभात चतुर्वेदी के सूने घर को निशाना बना डाला। चोर सोने की हार, अंगूठी, चांदी की तीन पायल, तीन संतान सप्तमी वाले चांदी के कड़े सहित अन्य जेवरात चोरी कर ले गए घटना के समय परिवार रिश्तेदारी में संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जब उनकी बेटी दोपहर करीब डेढ़ बजे स्कूल से लौटी तो घर का ताला टूटा मिला और पूरा सामान अस्त-व्यस्त था। इसी कॉलोनी में चार माह पूर्व भी चोरी हुई थी, लेकिन अब तक खुलासा नहीं हो सका। लोगों का कहना है चोर गिरोह दिन रात नगर में कई चोरियों की वारदात दे चुके हैं। लगातार बढ़ती चोरियों से क्षेत्र में दहशत है।

### अल्प विराम परिचय कार्यशालाओं का आयोजन

**कटनी।** जन अभियान परिषद के सहयोग से राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग,मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुसार शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके दैनिक जीवन / कार्यों में सकारात्मक का भाव बढ़ाने की दृष्टि से प्रदेश के समस्त विकास खंडों में 10 से 25 सितंबर 2025 तक एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रस्तावित तिथियों में विकासखंड स्तर में पदस्थ समस्त विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों में से 60 प्रतिभागियों को चिन्हांकित कर, आयोजित कार्यशालाओं में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला 15 सितंबर को विकासखंड बहोरीबंद,16 सितंबर को विजयराघवगढ़, 23 सितंबर को ढीमरखेड़ा, 24 सितंबर को रीठी, 25 सितंबर को कटनी एवं 26 सितंबर को विकासखंड बड़वारा में आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

### अधिकारियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**कटनी।** शासकीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने व उनके कौशल को बढ़ाने और आधुनिक शासन के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से आगामी 15 से 19 सितंबर तक चलाये जा रहे 'कर्मयोगी आई गॉट पर सीखें सप्ताह' अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी एवं ई-गवर्नेंस सोसाइटी के प्रबंधक सौरभ नामदेव मौजूद एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान सौरव नामदेव ने 15 से 19 सितंबर के बीच 'कर्मयोगी आई गॉट पर सीखें सप्ताह' अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि आई गॉट एक ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे विशेष रूप से सरकारी कर्मचारियों के कौशल और क्षमता विकास के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक ऑनलाइन लर्निंग मंच है जो विभिन्न कोर्स प्रदान करता है, ताकि कर्मचारी अपने कार्यों को बेहतर ढंग से कर सकें।

### पुलिस कर रही जागरूक भ्रामक खबरों को न फैलाये, कानून को हाथ में न लें

# सोशल मीडिया में वायरल खबरों से लोगों में है भय, किसी को भी संदिग्ध मान कर रहे पिटाई

सोशल मीडिया में कुछ दिनों से वायरल खबरों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जिले में बढ़ती चोरी, लूट की वारदातों से लोग पहले से ही परेशान हैं। सोशल मीडिया में वायरल खबरों से दहशत और बढ़ गई है। नतीजा लोग किसी को भी संदिग्ध मान कर हिंसा करने में उतारू हो गए हैं। दुखद बात यह है कि लोग बिना जांच पड़ताल और पुलिस को सूचना दिये बिना ही बेकसूर लोगों को पीट रहे है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जहां मारपीट के शिकार लोग जांच पड़ताल में बेकसूर साबित हुए। अब पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है साथ ही अपराधिक तत्वों की धरपकड़ के लिए रात्रि गश्त भी की जा रही है। पुलिस ने आमजनों से अपील की है कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो पहले पुलिस को सूचित करें।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर में चोरों की अफवाह और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फर्जी वीडियो को लेकर लोगों में फैली दहशत पर पुलिस जागरूक कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के राजीव गांधी वार्ड रबर फैक्ट्री इलाके में आज शाम थाना प्रभारी अजय सिंह और पूर्व पार्षद डब्बू रजक ने मोहल्ले का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। पुलिस ने वार्ड वासियों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। थाना प्रभारी अजय सिंह बहादुर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मोहल्ला-मोहल्ला जाकर लगातार जनसंवाद किए जा रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट या हमला किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। लोगों से यह भी कहा गया कि अगर कोई संदिग्ध मैसेज या वीडियो आपके पास आता है तो तुरंत सूचना दें, ताकि पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर सके।

पुलिस ने अफवाहों पर संज्ञान लेते हुए जिले में प्रतिदिन रात्रिकालीन गश्त को और अधिक सघन एवं प्रभावी बनाया है, जिससे नागरिकों को सुरक्षित वातावरण का भरोसा दिलाया जा सके। थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल द्वारा मुख्य मार्गों, बाजार, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर निरंतर पेट्रोलिंग की जा रही है। संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों की रोकथाम, गहन चेकिंग एवं आमजन से संवाद स्थापित कर अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की है।



# विद्यार्थियों ने किया थाना का भ्रमण, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बाल मित्र योजना अंतर्गत स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को थाना का भ्रमण कराया जाकर पुलिस की कार्यप्रणाली व वर्तमान में हो रहे अपराधों के संबंध में जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके पालन में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया एवं एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धारवे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा द्वारा कस्बे में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला के छात्राओं को थाने का भ्रमण कराया कराया जाकर संपूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कराया गया एवं थाना परिसर मे दैनिक कार्यों में उपयोग होने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई।

छात्राओं को वर्तमान में बढ़ रहे साइबर संबंधी अपराध, गुडटच बेडटच, नवीन आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 181 के बारे में जानकारी दी गई इसी के साथ-साथ छात्रों को नवीन अपराधिक अधिनियम,बाल विवाह उन्मूलन, पोक्सो एक्ट के अपराधों के संबंध में भी जानकारियां दी गई। भ्रमण में करीब 50- 55 छात्राएं उपस्थिति रही ।

### नगर निगम सहित 5 स्थानों में लोक अदालत शिविरों का हुआ आयोजन

# महापौर सूरी ने शिविर स्थलों का किया औचक, 1.14 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा शनिवार को आयोजित लोक अदालत के दौरान शत-प्रतिशत राजस्व वसूली हेतु शुक्रवार देर रात तक व्यापक तैयारियां पूर्ण की जाकर शनिवार प्रातः 10:30 बजे से नगर के पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन कर शासन निर्देशानुसार छूट का लाभ करदाताओं को प्रदान किया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर शिविर स्थलों पर करदाताओं की सुविधा हेतु पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था सहित पर्याप्त स्टाफ की तैनाती की गई थी। निगम के राजस्व अमले द्वारा भी लगातार करदाताओं को मिलने वाली छूट की जानकारी प्रदान कर बकाया कर जमा करने के लिए प्रेरित किया गया।



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा लोक अदालत शिविरों क्रमशः नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, जोन कार्यालय खिरहनी फाटक का औचक निरीक्षण कर वसूली की जानकारी से अवगत होते हुए अधिकारियों को नागरिकों की सुविधाओं को चाक चौबंध रखकर, बकाया करों को जमा कराने की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान महापौर ने शिविर स्थलों पर अपना बकाया कर जमा करने पहुंचे करदाताओं से संवाद भी किया।

नगर निगम द्वारा आयोजित लोक अदालत शिविरों में करदाताओं ने भी समुचित व्यवस्थाओं के बीच अपने बकाया करों का भुगतान कर मिलने वाली विशेष छूट का भरपूर लाभ उठाया। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार समाचार लिखे जाने शाम 6 बजे तक 1126 से भी अधिक रसीद काटी जाकर लगभग 1 करोड़ 14 लाख 37 हजार 275 रुपए का राजस्व संग्रह किया जा चुका है। राजस्व वसूली के ये आंकड़े अभी अनन्तिम है। बड़े बकायादारों को बकाया करों की राशि जमा कर छूट के सुनहरे अवसर का लाभ प्राप्त करने प्रेरित किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों को एकीकृत कृषि प्रणाली का दिया प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रचार्य डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं डॉ. सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के तहत एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के अंतर्गत मिट्टी के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों की जानकारी देते हुये बताया गया कि सूक्ष्म जैविकीय गतिविधियों से मिट्टी को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। पोषक तत्व प्रबंधन के घटक के अंतर्गत जैव उर्वरक, जीवाणु खाद, नील हरित काई अजोला से पोषक तत्वों की उपलब्धता, जैविक नाइट्रोजन स्थिरीकरण, घुलनशील फास्फोरस आदि पौधों में वृद्धि एवं विकास में सहायक होते हैं। बायोडायनेमिक खेती विभिन्न जैविक खाद केंचुआ खाद एवं नारियल के रेशे से निर्मित कोकोपिट खाद पंचगव्य तथा पोषक तत्व प्राप्त करने के लिए सूक्ष्मजीव मृत जीवों पशुओं के अवशिष्ट एवं पौधों के अवशेष को विकसित करते हैं उसका पुन: चक्रण कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नवरात्रि व दशहरा पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से मनाये जाने हेतु सभी आवश्यक इंतज़ामों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इन त्यौहारों के दौरान जुलूस मार्गों में विद्युत और प्रकाश व्यवस्था, मार्गों की मरम्मत और साफ-सफाई, प्रकाश व्यिवस्थार, लाउड स्पीकर एवं कंट्रोल रूम, यातायात व्यवस्था और बैरिकेडिंग व्ययवस्थार, समय पर जुलूस शुरू करना एवं प्रतिमाओं को क्रमानुसार रखना, आकस्मिक चिकित्सा व्यावस्थास, पेयजल की व्यजवस्थां, सुविधाजनक विसर्जन हेतु विसर्जन कुंडों की व्यिवस्थाय, अपराधों की रोकथाम और नशामुक्ति संबंधी कार्यवाही आदि के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान तहसीलदार कटनी नगर, थाना प्रभारी कोतवाली कटनी, माधवनगर, एन.के.जे., कुठला और रंगनाथनगर, नगर निगम के राजस्व अधिकारी, एमपीईबी के सहायक यंत्री, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ और कटनी दशहरा महोत्सव समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।



### बहोरीबंद पुलिस ने गांवों में लोगों के बीच जाकर किया गया जन संवाद

# गाँवो में पुलिस ने लगाई चौपाल, साइबर ठगी से कैसे बचें, किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जिस रफ्तार से टेक्नालॉजी में बदलाव आया है और हर हाथ में एंड्राइड मोबाइल और ऑनलाइन रुपयों के लेन-देन की समझ बढ़ी है, उसी रफ्तार से साइबर फ्रॉड करने वाले भी तेज हो गए हैं। आए दिन सुनने में आ रहा है कि अलग-अलग तरीकों से ठग ऑनलाइन धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम जागरुक रहें, वर्ना वर्षों की जमा पूंजी को भी मिनटों में गवां देंगे। ये बात थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने ग्राम पंचायत तिंगवा मंदिर मै आयोजित पुलिस जनसंवाद मै साइबर क्राइम की जागरूकता को लेकर कही।

थाना प्रभारी ने बताया कि कई लोग हमारे पास आते हैं, जो बताते हैं कि तरह-तरह से फ्रॉड के फोन आ रहे हैं। इससे सावधान रहने और लालच नहीं करने की सीख दी।



थाना प्रभारी ने कहा कि सबसे पहले लालच है, हमें लालच में नहीं आना है। मोबाइल हमारे जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है। ऐसे में मोबाइल का उपयोग तो करें पर सावधानी के साथ। किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें, अपरिचित महिला से संपर्क ना करें, मोबाइल पर बात ना करें। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सबसे उचित है कि आप जागरूक रहें। मौजूदा समय में नए-नए तरीकों से ठगी की जा रही है। अनजान क्यूआर कोड को स्कैन न करें, अनजानी लिंक पर क्लिक न करें और न ही उसे डाउनलोड करें।

बहोरीबंद पुलिस के द्वारा शनिवार को थाना क्षेत्र के अमगवां, देवरी, पथराडी पिपरिया, कैमोरी, कैमोरी भटवा मे पुलिस जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सरपंच,सचिव, आँगनबाडी कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थित रही। पुलिस जनसंवाद दौरान ग्रामीणजनो की बातों और सुझावों को सुना गया। साइबर क्राइम सहित यातायात नियमो को पालन करने की सीख दी। साथ ही गाँवो को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा समाज के लिये एक अभिशाप है नशा से हमेशा दूरी बनाये रखे,नशा से व्यक्ति का पारिवारिक एवं शारारिक व समाजिक नुकसान होता है।

### तेवरी में आयोजित शिविर में 51 यूनिट हुआ रक्त संग्रह

# रक्तदान है महादान, किसी का जीवन बचाकर पुण्य के भी बनते हैं भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

युवा जन सेवा समिति व छात्र सभा तेवरी के तत्वाधान मै 12 वां विशाल रक्तदान शिविर शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेवरी में शनिवार को आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में एसडीएम राकेश चौरसिया, चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने स्वैच्छिक रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर स्लीमनाबाद तहसीलदार हर्षवर्धन का विशेष सहयोग रहा।

इस दौरान युवा जन सेवा समिति अध्यक्ष बसंत जायसवाल,सचिन गुप्ता,रामशरण जायसवाल,अरविंद शाह,मनोज गुप्ता,रविंद्र नाथ झारिया, प्रशांत जैन,अभय दुबे,देवेंदु यादव,कोदू लाल हल्दकार,बलवीर सिंह,दिनेश झारिया,सुरेंद्र झारिया, अक्षय असाटी,राजुल असाटी, आदर्श सिंह,वीरेंद्र सिंह परस्ते,मयंक चौबे,यशराज सिंह,युवराज सिंह, चैन सिंह,श्रेयांश गुप्ता,अनमोल रजक, रघुराज सिंह,वेदप्रकाश, अनुराग कुशवाहा,गगन कोरी, आयुष कुशवाहा,अभिलाष चक्रवर्ती, इंद्रजीत सिंह,दिनेश सिंह, अनुज गुप्ता,ओमप्रकाश ठाकुर की सहभागिता रही।



एसडीएम राकेश चौरसिया ने पहला ब्लड डोनेट करते हुए रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इसके बाद चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे, विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह सहित युवा जन सेवा समिति व छात्र सभा के सदस्यों के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर मैं 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

एसडीएम राकेश चौरसिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। यह जरूरतमंद की जान बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। तेवरी में समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर आयोजन बहुत ही नेक कार्य है। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था, क्योंकि विगत वर्षों में आकस्मिक दुर्घटनाओं में रक्त की कमी के कारण कई जाने चली गई है। जिसे रोकने का एक छोटा सा प्रयास किया गया है एवं आगे भी इसी तरह जागरूकता के प्रयास किए जाते रहेंगे।

रक्त शरीर का एक ऐसा कम्पोनेंट है जिसे हम कृत्रिम तरीके से नहीं बना सकते है। एक इंसान का रक्त ही दूसरे को चढ़ाया जा सकता है। प्रकृति ने भी ऐसी परम्परा विकसित की है कि किसी भी धर्म जाति का व्यक्ति हो वो किसी भी दूसरे धर्म जाति के व्यक्ति को रक्त दे सकता है और दूसरे की जान बचा सकता है। एक रक्तदाता एक प्राणरक्षक होता है। वही चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने कहा कि रक्त दान कर हम समाज की सेवा तो करते ही है साथ ही हम किसी का जीवन बचाकर पुण्य के भागी भी बनते है। हमे समाज के उन लोगो को भी रक्त दान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है जो रक्तदान से झिझकते है। कोई भी स्वास्थ्य व्यक्ति तीन महिने में एक बार रक्त दान कर सकता है। रक्त दान एक महादान है।



# विश्वकर्मा जयंती मनाने बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

आगामी 17 सितम्बर को होने वाले सृजनोत्सव भगवान विश्वकर्मा पूजन एवं भव्य शोभायात्रा की तैयारियों के संदर्भ में विश्वकर्मा मंदिर, विजयनाथ धाम में संस्था की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है सभी समाज बंधु उपस्थिति हुए बैठक में उपस्थित होकर इस आयोजन की तैयारी एवं कार्य विभाजन में सहभागी बनें। कार्यक्रम को सुसज्जित व सफल बनाने की सभी समाज बंधुओं से अपील की गई। 17 सितंबर को श्री भगवान विश्वकर्मा पूजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और तन-मन धन से सहयोग करें इस वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन विजयनाथ धाम मेला प्रांगण में किया जा रहा है। सभी की सहभागिता अनिवार्य है। आप सबको विदित है समय नजदीक आ गया। 15 से कार्यक्रम में जुट जाएं हमारे पास सिर्फ तैयारियां 16 से कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। अखंड मानस रामायण का हर वर्ष की भांति भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन को बेहतर से बेहतर शांति पूर्ण मनाने की विश्वकर्मा समाज के बंधुओं से अपील करती है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल टाइम में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग

**विजयराघवगढ़।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शासकीय एवं अशासकीय हाई स्कूल प्राथमिक माध्यमिक शालाओ के छात्र-छात्राओं को आने जाने में संकट मोचन चौक से लेकर उत्कृष्ट विद्यालय तक छात्र-छात्राओं की भीड़ में वाहनों की धमा चौकड़ी के कारण भारी जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिसके कारण छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को किसी तरह की असमय घटना दुर्घटना का डर बना रहता है। वाहन चालकों की मनमर्जी के कारण छात्र-छात्राओं को रुकना पड़ता है। सवेरे विद्यालय आने के टाइम पर या तो जाम के कारण सही समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाए, छुट्टी के टाइम पर घर जाने में उतावले छात्रों के बीच वाहनों के आने जाने पर उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है जिसके कारण अभिभावकों को स्वयं स्कूलों तक आना पड़ता है। छात्र-छात्राओं के हित में अभिभावकों द्वारा पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि स्कूल टाइम पर सतर्क पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर वाहनों का आवागमन पर रोक कर अध्यनरत छात्र छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान कराई जाए।

### गंदगी फैलाने वालों पर हुई जुर्माने की कार्यवाही

**कटनी।** निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर गुरुवार को गुरुनानक वार्ड स्थित बरही रोड में गंदगी फैलाने वालों पर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अभियान चलाकर 4 लागों पर 800 रूपये की चालानी कार्यवाही की जाकर दोबारा गंदगी न फैलानें की हिदायत दी गई तथा जुर्मानें की राशि को निगम कोष में जमा कराया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देशन में नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने हेतु दो शिफ्ट में नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के प्रयास किये जा रहे है। वहीं मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु नियमित रूप के सार्वजनिक क्षेत्रों, वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है।

### लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को झाबुआ जिले के पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 195 हितग्राहियों के खाते मे 29 करोड़ 36 लाख 25 हजार 350 रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किया।

### युवक से मारपीट के 4 आरोपित हुए गिरफ्तार



**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने एक बेगुनाह को पीटने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए दिया है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने कहा कि गत 11 सितंबर की शाम करीबन 7 बजे पाठक वार्ड से अपनें घर बावली टोला के लिये पैदल जा रहे संदीप कोल पिता राजकुमार कोल उम्र 19 वर्ष के साथ वंशस्वरूप वार्ड के कुछ असमाजिक तत्वो के द्वारा चोर चोर की अफवाह फैलाकर संदीप कोल के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद वहा के स्थानीय लोग इकट्ठा हो गये तथा क्षेत्र में अशांति का माहौल निर्मित हो गया था। जिसके बाद थाना रंगनाथनगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर संदीप कोल को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि संदीप कोल नाम का व्यक्ति पाठक वार्ड अपनी बहन के यहा से लौट रहा था, तभी वंशस्वरूप वार्ड के कुछ लोगो द्वारा संदेह के आधार पर संदीप कोल के साथ गाली गलौच कर मारपीट की गई थी। पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले रिंकू ठाकुर, अन्नू सोनखरे, अमित बर्मन तथा डब्बू सोनखरे के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## एसडीएम कटनी के आदेश पर तहसीलदार एवं टीआई ने दिलाया वृद्धा को घर में कब्जा

# दो बेटों और बहू ने वृद्ध महिला को घर से बाहर निकाला प्रशासन ने की कार्यवाही, बेटों को बेदखल करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक वृद्ध महिला को उनके ही पुत्रों और पुत्रवधू द्वारा घर से बाहर निकालने और मारपीट करने के मामले में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने ₹माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007₹ के तहत इस मामले की सुनवाई करते हुये पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा वृद्ध महिला को 10 हजार रूपये का प्रतिमाह भरण पोषण भत्ता देने का आदेश जारी किया है।



अल्फर्ट गंज कटनी निवासी राजकुमारी पति स्व. उत्तम सिंह ठाकुर ने ₹माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007₹ के तहत न्यायालय में आवेदन करते हुये बताया था कि उनके पुत्र आशीष ठाकुर और शिव सिंह ठाकुर, और पुत्रवधू आरती ठाकुर ने उन्हें जबरन घर से निकाल दिया। वे घर को तोड़कर गोदाम बनाना चाहते हैं। इसके अलावा, वे अक्सर उनके साथ मारपीट करते और उन्हें वृद्धाश्रम जाने के लिए कहते हैं।

न्यायालय में मामले की सुनवाई करते हुये एसडीएम चतुर्वेदी ने आवेदिका (राजकुमारी) और अनावेदकों (पुत्र-पुत्रवधू) दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए। हल्का पटवारी की जांच रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के आधार पर यह पाया गया कि घर आवेदिका राजकुमारी के नाम पर ही दर्ज है।

आवेदिका वृद्ध होने के कारण अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, जबकि उनके पुत्र और पुत्रवधू अच्छी आय अर्जित करते हैं। उनके बड़े पुत्र शिव सिंह की मासिक आय 25 हजार रूपये, छोटे पुत्र आशीष की 30 हजार रूपये और पुत्रवधू आरती की 10 हजार रूपये है। इस आधार पर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री चतुर्वेदी ने दोनों पुत्रों को आदेश दिया कि वे वृद्ध आवेदिका को हर महीने 10 हजार रूपये का भरण-पोषण भत्ता दें। इसमें से 5 हजार रूपये आशीष और 5 हजार रूपये शिव सिंह ठाकुर को देना होगा। यह राशि हर महीने की 1 से 5 तारीख के बीच देनी होगी। इसके साथ ही, न्यायालय ने तहसीलदार, कटनी नगर को तत्काल प्रभाव से अनाधिकृत कब्जा हटाकर अनावेदकों को घर से बेदखल करने का आदेश दिया।

न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि अनावेदक आवेदिका के सम्मान को किसी भी प्रकार से ठेस न पहुंचाएं और उनके स्वास्थ्य और भोजन का उचित ध्यान रखें, ताकि वे अपना शेष जीवन सम्मानपूर्वक व्यतीत कर सकें।

अपनी वृद्ध मां को घर से बाहर निकालने और उनके साथ मारपीट करने के मामले में सुनवाई के बाद एसडीएम कटनी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा दिये गये आदेश के पालन में शनिवार को तहसीलदार आशीष अग्रवाल और टीआई कोतवाली अजय सिंह ने कार्रवाई करते हुये वृद्ध महिला राजकुमारी को उनके घर का कब्जा वापस दिलाया।

यह मामला तब सामने आया था जब अल्फर्ट गंज निवासी राजकुमारी ने ₹माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007₹ के तहत न्यायालय में आवेदन किया। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके दोनों बेटे, आशीष ठाकुर और शिव सिंह ठाकुर, और उनकी बहू आरती ठाकुर ने उन्हें घर से निकाल दिया है और वे घर को तोड़कर गोदाम बनाना चाहते हैं।

एसडीएम श्री चतुर्वेदी ने मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि घर राजकुमारी के नाम पर ही दर्ज है। इसके बाद श्री चतुर्वेदी ने आदेश दिया था कि दोनों बेटे अपनी मां को हर महीने 10 हजार रुपये का भरण-पोषण भत्ता दें। साथ ही उन्होंने तहसीलदार को तुरंत अनाधिकृत कब्जा हटाकर बेटों को घर से बेदखल करने का आदेश दिया गया था। शनिवार को इस आदेश का पालन करते हुए, तहसीलदार और टीआई ने मौके पर पहुंचकर वृद्ध मां को उनके घर का कब्जा वापस सौंपा।



# नशे में वाहन चलाने एवं खुले में शराब पीने वालों पर हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

साप्ताहिक बाजार में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 4 असामाजिक तत्वों एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध बाकल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनसे उठक बैठक लगवाई। बाकल थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल ने बताया की पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के आदेश अनुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लिमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में बाकल पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं क्षेत्र को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर असामाजिक तत्व रमेश काछी पिता रामदास काछी उम्र 45 साल निवासी ग्राम मवई (देवरी) थाना स्लीमनाबाद, किशोरी काछी पिता सोनेलाल काछी उम्र 53 साल निवासी ग्राम मवई (देवरी) थाना स्लीमनाबाद, राजकुमार काछी पिता सतैया काछी उम्र 35 साल निवासी मवई (देवरी) थाना स्लीमनाबाद एवं कृष्ण कुमार पिता रामलाल लोधी उम्र 27 साल निवासी ग्राम बसेहड़ी थान बाकल के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसके साथ ही वाहन चालकों की सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से थाना स्तर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 2 शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत चालान किये गये। सड़क हादसों की रोकथाम हेतु यह कार्रवाई आगे भी सतत जारी रहेगी। थाना बाकल पुलिस का उद्देश्य है कि समस्त क्षेत्रवासियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जाए।

## 19 सितंबर तक तेलंगाना में कृषि अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे कृषक

# उन्नत कृषि तकनीक के गुण सीखने हैदराबाद रवाना हुआ किसानों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अन्नदाता खेती को लाभ का धंधा बना सके, खेती से आमदनी दोगुनी कर सके इसके लिए कृषि विभाग के द्वारा किसानों को उन्नत खेती तकनीक सिखाई जा रही है। मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना के अन्तर्गत जिला कटनी के चयनित उन्नत 10 कृषकों के दल को उप संचालक कृषि डां रामनाथ पटेल के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दल के नोडल अधिकारी बहोरीबंद एसएडीओ राजकिशोर चतुर्वेदी को बनाया गया



### सीखेंगे उन्नत तकनीक

नोडल अधिकारी एसएडीओ आर के चतुर्वेदी ने बताया कि चयनित 10 कृषक, 13 सितंबर से 19 सितंबर तक हैदराबाद तेलंगाना में भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान ,आईसीआरआईएसएटी, एनआईपीएचएम राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, भारतीय चावल अनुसंधान एवं कृषि विश्वविद्यालय हैदराबाद में, कृषि अध्धयन व प्रशिक्षण प्राप्त करेगें तथा कृषि अनुसंधान हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त कर, जिले में उन्नत कृषि तकनीक को अन्य किसानों के मध्य प्रचार -प्रसार करते हुए कृषि विस्तार और सुधार कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे।

इस दल में कृषक कंछेदी लाल पटेल रामकृपाल पटेल,रामकृपाल जायसवाल, उदय सिंह राणा, हर्षवर्धन सिंह, रामगोपाल लोधी, गनपत सिंह,महासिंह,दिनेश दाहिया,मनबोध सिहं को शामिल किया गया है।

### किसानों को किया रवाना

उप संचालक कृषि कटनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया वही रेलवे स्टेशन कटनी में भारतीय किसान संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान संभागीय मंत्री बिहारी लाल निगम ने किसान दल को हैदराबाद के लिए रवाना किया।

## उचित रेट पर खाद विक्रय करने की मांग, विधायक को ज्ञापन सौपा



समस्त कृषि आदान व्यापारी संघ ने विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह को कटनी कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि बड़े होलसेलरों द्वारा खाद यूरिया के साथ टैगिंग बंद किए जाने यूरिया का रेट जो शासन द्वारा निर्धारित किया गया है उसी के रेट पर विक्रय किया जाए व्यापारियों को 310 से 350 रुपए की यूरिया होलसेलरों द्वारा दी जाती है। समस्त व्यापारियों को उचित रेट पर उपलब्ध न होने की दशा में यूरिया उपलब्ध नही हो पा रहा है जिस कारण किसानो को देने में असमर्थ है यूरिया के साथ 5 किलो का जिंक अनुमानित कीमत 500–600में दिया जाता है जो व्यापारी लेने के लिए मजबूर है यूरिया का जो उचित मूल्य है 240से 250के माध्यम है इस रेट पर विक्रेता को मिलेगी तभी वह 266 .50 पैसे में किसान को दे पाएंगे। यूरिया के साथ टैगिंग को समाप्त किया जाए। विक्रेता पर किसी भी अन्य उर्वरक सामग्री लादी न जाए। इस मौके पर जय सूर्यवंशी , संतोष साहू , सुनील कुशवाहा, बृजेश गुप्ता, मुस्ताक सिद्दीकी, देवेंद्र, जितेंद्र पांडे, लोकेश, सागर, मनोज, विजय प्रताप सिंह, पहलाद, कैलाश, पंजाब सिंह, कमल, विमलेश राय, दीपक गुप्ता, राजन पटेल, आनंद की मौजूदगी रही।

# हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते माह 18 अगस्त को आपसी विवाद के कारण तीन लोगों के द्वारा एक प्रौढ़ की बेरहमी से मारपीट करते हुए उसकी हत्या का प्रयास किया गया था। इस मामले में घटना के बाद से ही आरोपी फरार थे। दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम पकरिया निवासी बेडीलाल चौधरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा की सूरज चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी एवं सोनाबाई चौधरी ने गंदी गंदी गालियां देकर हत्या करने के इरादे से उसके साथ मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।घायल की शिकायत के आधार पर उमरिया पान पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109(1), 3 (5) बी.एन.एस. का प्रकरण पंजीबध्द किया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में उमरियापान पुलिस के द्वारा घटना के बाद से फरार आरोपी सूरज चौधरी पिता शिवकुमार चौधरी उम्र 35 वर्ष एवं सुरेन्द्र चौधरी पिता शिवकुमार चौधरी उम्र 32 वर्ष दोनो निवासी पकारिया थाना उमरियापान को गिरफ्तार किया कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें जेल भेजा दिया गया।



कार्रवाई में थाना प्रभारी उप. निरी. दिनेश तिवारी, सउनि गया प्रसाद मंगोरे, प्रआर अजय सिंह, प्रआर अजय तिवारी, प्र.आर. आशीष मेहरा, आर. अनिल पांडेय, आर. नीलेश पटेल, आर. योगेश पटेल, आर. मोहन मुबेल, आर. मनोज कुम्हरे, आर. रोहित झारिया और थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महाविद्यालय स्लीमनाबाद द्वारा गोद ग्राम तिहारी में आयोजित हुआ कार्यक्रम, स्वच्छता का बताया महत्व

# श्रमदान कर स्वयं सेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश, जगाई पर्यावरण की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद लिए ग्राम तिहारी मैं शनिवार को स्वच्छता व पर्यावरण की अलख जगाने अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवकों के द्वारा वृहद रूप पर साफ सफाई के लिए श्रमदान किया गया। स्वयं सेवकों ने श्रमदान के जरिये स्वच्छता का संदेश दिया।

### स्वच्छता नहीं फैलती बीमारियां

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राजेश कुशवाहा के द्वारा अभियान के तहत स्वच्छता से होने वाले फायदों के बारे मे बतलाया गया। कहा कि अपने घरों,मोहल्लों व गाँवो को साफ़ स्वच्छ रखना है जिससे गांव का वातावरण साफ-स्वच्छ रहे।साफ-सफाई से बीमारियां नही फैलती है। साथ ही स्वय स्वयंसेवकों को स्वच्छता की गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन में लागू कर समाज के साथ देश के विकाश में सहभागी बनने बनने को कहा।



### पर्यावरण सरंक्षण का दिलाया संकल्प

स्वच्छता के साथ ही वृक्षरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जहाँ स्कूलो व ग्राम पंचायत भवन मे पौधरोपण किया गया। सरपंच सुनील गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक संख्या मे पौधे रोपित करे क्योंकि वर्तमान में बढ़ते प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उतपन्न हो रही है।जिससे वर्षा भी पर्याप्त नही हो पा रही है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी क्योंकि पेड़_पौधो का जीवन में महत्व बहुत बड़ा है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी। छात्र_छात्राओ ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। छात्र -छात्राओं ने कहा कि हम अपने परिवार अपने मित्रों एवं क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिये प्रेरित करेंगे ओर पर्यावरण को आगे संभालेंगे। इस दौरान डॉ सपना द्विवेदी सहित आँगनबाडी कार्यकर्ता व स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

## परेड, साक्षात्कार एवं गतिविधियों के आयोजन से किया चयन

# कर्तव्य पथ पर पहुंचने के लिए स्वयंसेवकों ने बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड की चयन प्रक्रिया का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशन एवं जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर रुक्मणी प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।





इस चयन प्रक्रिया में जिले के समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थाओं के चयनित युवक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। यह चयन चार श्रेणियां में प्राप्त अंकों के आधार पर की गई। इसमें 50 अंक परेड डील के लिए निर्धारित किए गए थे, 30 अंक सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए, 10 अंक शारीरिक दक्षता के लिए तथा 10 अंक एनएसएस व सामान्य ज्ञान के लिए निर्धारित किए गए थे। दो चरण में आयोजित होने वाली चयन प्रक्रिया में प्रथम चरण में शारीरिक दक्षता और परेड देखी गई जबकि द्वितीय चरण में सांस्कृतिक गतिविधियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। इस आधार पर जिला स्तरीय पूर्ण गणतंत्र दिवस चयन प्रक्रिया संपन्न की गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने स्वयंसेवकों को चयन के मापदंडों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। चयन प्रक्रिया के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. सरदार दिवाकर एनसीसी अधिकारी, डॉ माधुरी गर्ग, डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ सतीश कुमार तिवारी, डॉ अभिलाषा चौरसिया, डॉ प्रतिमा सिंह विभिन्न महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारीयों का सक्रिय सहयोग रहा।

चयन प्रक्रिया और गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में हिस्सा लेने वाले सचिन पटेल, जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरपी सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ माधुरी गर्ग द्वारा किया गया।

# पोषण आहार कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पोषक तत्वों की बताई गई महत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग के नेतृत्व में पोषण आहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बाजपेई ने कहा कि भोजन जीवन का आवश्यक तत्व है, भोजन की पौष्टिकता अत्यंत आवश्यक है। हमें अपने भोजन में पौष्टिक तत्वों को निरंतर लेना चाहिए। तभी हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। वहीं डॉ माधुरी गर्ग ने कहा कि मोटे अनाज में प्रचुर मात्रा में पौष्टिक तत्व पाये जाते हैं।

मोटे अनाजों के माध्यम से हमें सभी प्रकार के विटामिन, मिनरल्स, लोह तत्व प्राप्त होते हैं। इसे अपने भोजन में इन्हें अवश्य शामिल करना चाहिए।



### छात्राओं ने लगाया स्टॉल

यहां उपस्थित विद्यार्थियों में रूचि रजक, आकांक्षा पटेल, नमिता सिंह, लक्ष्मी रैदास, भारती बर्मन, सुशील कुशवाहा, दुर्गा साहू, पार्वती चक्रवर्ती, शालिनी बर्मन, राशि सोनी, महिमा चौधरी, पूनम बर्मन, काजल उपाध्याय, शिवानी गाडरी, रमा आदि छात्राओं ने पौष्टिक तत्व युक्त भोजन के स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों को इस संदर्भ में जानकारी दी।

कार्यक्रम में डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी की उपस्थिति रही। निर्णायक की भूमिका में डॉ. सूचित सिंह, डॉ. ज्ञानेंद्र मोहन और आयुष तिवारी रहें।

## खबर संक्षेप

### सुकन्या समृद्धि योजना, अधिकतम 10 वर्ष आयु तक की बालिकाओं के लिए डाकघर में 30 सितम्बर तक खुलवा सकते हैं खाता

**पन्ना।** भारतीय डाक विभाग द्वारा गत 25 जुलाई से सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत सुकन्या रक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत आगामी 30 सितम्बर तक बेटियों के सुनहरे भविष्य की शुरूआत के लिए छोटे निवेश के साथ डाकघर में खाता खुलवाया जा सकता है। भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सुकन्या समृद्धि योजना प्रारंभ की गई है। इसमें वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर 8.2 प्रतिशत निर्धारित है। अभिभावक अधिकतम 10 वर्ष आयु तक की बेटियों के खाते पोस्ट ऑफिस में निर्धारित अंतिम तिथि तक खुलवा सकते हैं। एक परिवार में अधिकतम दो बेटियों के लिए खाता खुलवाने की सुविधा मिलेगी। जुड़वा बेटियों की स्थिति में तीसरी बेटी के लिए भी सुविधा उपलब्ध है। अधीक्षक डाकघर सतना संभाग ने बताया कि योजना के तहत प्रति वर्ष न्यूनतम 250 रूपए तथा अधिकतम निवेश राशि एक लाख 50 हजार रूपए निर्धारित है। साथ ही 21 वर्ष या 18 वर्ष आयु के पश्चात विवाह के 6 माह पूर्व खाते से राशि आहरण की जा सकेगी। सर्वाधिक ब्याज दर की यह स्कीम पूरी तरह से टैक्स फ्री है और सरकार द्वारा गारंटीड इस योजना में पूर्ण सुरक्षा मिलने के साथ ही बेटी की उच्च शिक्षा और विवाह के लिए सुरक्षित बचत के रूप में सहायता मिलती है। 18 वर्ष की आयु के बाद बेटी की शिक्षा के लिए आंशिक निकासी की सुविधा भी उपलब्ध है।

### आचार्य श्री विमल सागर जी की 109 वीं जयंती के उपलक्ष में बच्चों ने किए संस्कृति कार्यक्रम

**गुनौर।** जैन मुनि आचार्य श्री 108 विमल सागर जी महाराज की 109 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में मुनि श्री विनिश्चिल सागर जी महाराज का बच्चों को सानिध्य मिला साथ ही आचार्य श्री विमल सागर जी महाराज के जीवन के बारे में मुनि श्री ने उपस्थित जनों को अवगत कराया साथ ही स्कूली बच्चों ने हर्ष उल्लास के साथ नगर में रैली निकाली एवं स्कूल में संस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### जरोदा स्कूल भवन की हालत जर्जर होने से अभिभावक एक सप्ताह से नहीं भेज रहे बच्चों को स्कूल

# सरकार के दावों की खुल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



यूं तो शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में स्कूलों की स्थिति बेहतर करने के कई दावे किए जाते हैं लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही हकीकत बयां करते हैं।

इसका ताजा उदाहरण हटा विकासखंड की ग्राम पंचायत बिजवार के अंतर्गत आने वाले ग्राम जरोदा की प्राथमिक शाला में देखने को मिला जहां स्कूल भवन जर्जर होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों की जान जोखिम में न डालने एक सप्ताह से स्कूल नहीं भेज रहे हैं। शिक्षक रोजाना स्कूल तो जाते हैं लेकिन 5-6 दिन से एक भी बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है। जरोदा गांव के अभिभावक प्रमोद बर्मन रामेश्वर बर्मन मूलचंद दिनेश राजन अठया पलटू दाहिया नरेश दाहिया रामेश्वर पटेल कैलाश वर्मन नहीं बताया कि स्कूल के सभी कमरों की स्थिति जर्जर है, लिहाजा नौनिहालों को इन्हीं कक्षों में बैठकर मजबूरी में डर के साये में पढ़ना पड़ रहा है। स्कूल भवन जर्जर होने के कारण कभी भी भरभरा कर गिर सकता है जिससे बच्चों के पालकों में भय व्याप्त है। गांव कहना है कि ऐसा लग रहा है मानो की शासन प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो। जबकि समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सरपंच से कई बार गुहार लगाई है, लेकिन पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए जबकि गांव वालों ने बताया कि कलेक्टर द्वारा मरम्मत कार्य हेतु राशि भी स्वीकृत की गई जिसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराया जाना था लेकिन उनके द्वारा कोई कार्य नहीं कराया गया जिससे हम लोगों द्वारा फैसला लिया गया कि जब तक नया भवन नहीं बन जाता तब तक हम लोग अपने बच्चों को जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने के लिए नहीं भेजेंगे, हम अपने बच्चों की जान जोखिम में नहीं डाल सकते।

जब इस संबंध में ग्राम पंचायत बिजवार के सचिव मनोज मुड़ा से बात की तो उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व ही राशि स्वीकृत हुई है लेकिन बरसात में गांव तक सड़क खराब होने की वजह से स्कूल तक वाहन नहीं पहुंच पाते इसलिए स्कूल मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया अब शीघ्र ही स्कूल भवन मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जावेगा।

## ज्ञानी स्वयं के साथ दूसरों का भी कल्याण करता है : विशुद्धसागर जी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने त्रि-दिवसीय विद्वत संगोष्ठी में विद्वानों को सम्बोधन करते हुए कहा कि- श्रेष्ठ-विद्वान वही है जो नैतिक जीवन जिये। जो अशांति के कारणों से अपनी रक्षा करे। अपयश के कार्यों से अपनी रक्षा करे। विवेकी वहीं है जो आय अधिक करे और व्यय कम करे। जो अमृत-सम मधुर वचन बोले, विवेकी हो, सामन्जस्य पूर्ण जीवन जीता हो वही श्रेष्ठ- पण्डित है। मात्र शाब्दिक-ज्ञान से कोई पण्डित नहीं माना जा सकता है। शाब्दिक ज्ञान के साथ आत्मिक ज्ञान, अनुभव पूर्ण ज्ञान भी होना चाहिए। कथनी और करनी में एकत्व ही श्रेष्ठ-संन्यासी का परिचायक होता है। जो कथन के विरुद्ध कार्य करे, वह विद्वान नहीं कहा जा सकता है। जो कथन अनुसार आचरण करें, वही सच्चा- वक्ता है। व्यक्ति को कथनी के अनुसार कार्य करना चाहिए। जो कथनी अनुसार आचरण करता है, वह लोक में सत्कार, पुरस्कार को प्राप्त करता है। जिसकी विवेक की आँख खुली है, वही पण्डित होता है। पण्डित ज्ञानी, गुणी, उपकारी होता है। जो सब पर उपकार करे वही ज्ञानी पण्डित है। जो स्व-पर हितैषी हो वही पण्डित है। ज्ञान ही प्रकाश है। ज्ञान ही दीप है। ज्ञान ही दिवाकर है। ज्ञान ही आनन्द है। ज्ञान में ही शान्ति है। ज्ञानी का सर्वत्र सम्मान होता है। ज्ञानी स्वयं के साथ दूसरों का भी कल्याण करता करता है है। जो वस्त्र-धारी विवेकी-विद्वान- हैं वे अदीक्षित पण्डित हैं और जो दिगम्बर-मुनि हैं वह दीक्षित- पण्डित हैं। जैसे काष्ठ में अग्नि होती है, तिल में तेल होता है, ऐसे ही देह में देही (आत्मा) का जिसे बोध होता है, वही पण्डित है। इस अवसर पर भारत देश के विभिन्न शहरों से आए हुए विद्वान उपस्थित रहें,विद्वानों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था विराग विशुद्ध वर्षायोग समिति के संजय कुबेर,सुनील सराफ,संजीव जैन (बापू),जन्मेजय चौधरी,कपिल (संगम),रोहित सेठ, गोलू बड़कुल,शैलेंद्र जैन ,दीपक सेमरा द्वारा की गई।

## हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ में उत्साह से मनाया उमंग दिवस



**जबेरा।** शासन के निर्देश अनुसार शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ में विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी प्राचार्य चरण सिंह, ग्राम के सरपंच मनोज राय एवं विद्यालय स्टाफ सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में उमंग दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरुष्कृत किया गया। उमंग कार्यक्रम के दौरान जन प्रतिनिधियों मे उपसरपंच प्रकाश सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच मनोहर राय, प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को उमंग के अंतर्गत किशोर अवस्था में होने वाली शारीरिक एवं मानसिक बदलाव आने एवं उनके व्यक्तित्व विकास के ऊपर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षक ओमकार सिंह, गायत्री मरावी, माया यादव, गायत्री सैनी, संध्या दुबे, दिव्या तिवारी, कुलदीप सिंह लोधी, सोबरन सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव, मनोज राय, प्रकाश ठाकुर, द्रोपती बाई सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं अनेकों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से मिलेगी राहत

## विधायक ने ग्राम पंचायतों में वितरित किए पानी के टैंकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए पानी के टैंकर वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा की गर्मी के मौसम में पानी की समस्या न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है।विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक ने जिन ग्राम पंचायतों में पानी के टैंकर वितरित किए, वह कजरा, शिवपुर, काईखेड़ा, खमरिया, कलार, मोहली, सागौनी, पटना, कुम्हारी, बमनी, गैसाबाद, हिनौता, मझगवा, हंसराज, देवरागड़ी घाट, पिपरिया और महुआ खेड़ा शामिल हैं। इन ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए विधायक के प्रयासों की सराहना की जा रही है।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लालचंद खटीक, रमाकांत शराफ, सचिव और सरपंचों की उपस्थिति रही। उन्होंने विधायक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस व्यवस्था से क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी।विधायक ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझते हुए पानी की समस्या को दूर करने के लिए यह व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या एक बड़ी चुनौती होती है, जिसे दूर करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। और विधायक जी के इस प्रयास से क्षेत्र की जनता को गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। लोगों को अब पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा और वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकेंगे। ग्राम पंचायतों के निवासियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि उनके प्रयासों से क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक के इस प्रयास को क्षेत्र में बहुत सराहा जा रहा है।

## छात्रों द्वारा बच्चे से मारपीट का वीडियो वायरल, मामला दर्ज

**तेंदूखेड़ा।** नगर में स्कूली छात्रो में गुंडागिर्दी करने का शौक चढ रहा है। साथ ही किसी सीधे साधे बालक के साथ मारपीट कर वीडियो बनाया जाता है इसके अलावा सोसल मीडियां पर वायरल कर दिया जाता है। ऐसे मामला नगर के वार्ड क्रमाक 7 में निवास कर रहे 15 साल के बालक के साथ जब वह स्कूल से घर वापिस आ रहा था और नगर के पोस्टआफिस बाली गली में बुलाकर वार्ड क्रमाक 9 का 17 वर्षीय बालक ने लगभग 4 बजे गंदी गंदी गालियां देकर पटकर लात घूसे से मारपीट करने लगा और जिसने भी मारपीट करने से मना किया उसके साथ भी गालीगलोच की गई। जाते जाते दुवारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी गई। सबसे बड़ी हैरानी का मामला है मारपीट किए जाने का वीडियों बनाकर सोसल मीडियां पर वायरल कर दिया गया। प्रार्थी बालक में इतनी दहसत आ गई है कि उसने स्कूल तक जाना छोड दिया है। हालाकि तेंदूखेड़ा पुलिस ने प्रार्थी वालक की रिपोर्ट पर आरोपी बालक के विरूद्ध धारा 296, 115@1, 351@2 के तहत मामला दर्ज कर मामले की जॉच की जा रही है।

## मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी

**दमोह।** सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास किशोरी जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष के दौरान सातवें दिन की श्रीमद् भागवत कथा का मुख्य महत्व पितरों के उद्धार और मोक्ष की प्राप्ति है. इस अवधि में यह कथा सुनने से पितर प्रसन्न होते हैं और उन्हें जीवन-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल सकती है. कथा के सातवें दिन का संबंध भगवान कृष्ण की लीलाओं से होता है, और इसे सुनने से व्यक्ति के सभी पापों से मुक्ति मिलती है। किशोरी जी ने कहा इस कथा को सुनने से पितर बहुत प्रसन्न होते हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है, जैसा कि भगवान शिव ने पार्वती जी को बताया है। पितृपक्ष में यह कथा सुनने से पितृ दोष समाप्त हो जाता है। शास्त्रों के अनुसार, लगातार सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिलती है और बैकुंठ का फल प्राप्त होता है। सातवें दिन भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाता है। इसमें सुदामा चरित्र और सुदामा तथा कृष्ण की मित्रता का प्रसंग भी बताया जाता है। यह दिन पितरों के उद्धार और कल्याण के लिए संकल्पित होता है। व्यक्ति के पापों से मुक्ति मिलती है और उन्हें शुद्ध आत्मा प्राप्त होती है। कथा ब्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए किशोरी जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं।उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं।कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। सोनी परिवार के गुरु जी पंडित श्री नर्मदा प्रसाद गर्ग जी विशेष रूप से आशीर्वाद देने पधारे। मुख्य यजमान श्रीमति गौरा बाई गोविंद प्रसाद सोनी ,हरिओम सोनी गणेश पुरम इमलाई फैक्टरी हटा नाका के पास में एवं समस्त सोनी परिबार कल हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## पुराने मामलों का आपसी समझौते से हुआ निराकरण

**तेंदूखेड़ा।** सिविल कोर्ट मेंनेशनल लोक अदालत का शनिवार को आयोजन हुआ जिसमें कई पुराने मामलों का आपसी समझौते से निराकरण हुआ साथ ही नगर परिषद की भी काफी समय से पड़ा जल कर मकान कर लोगों ने लोक अदालत के माध्यम से जमा करके छूट योजना का विशेष लाभ प्राप्त किया नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया जिसमें लंबित पड़े मामलों का निराकरण हुआ -, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी/ अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दमोह के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 सितंबर 2025 को जिले भर में किया गया। जिले में कुल 24 खंडपीठों का गठन किया गया, जिनमें खंडपीठ क्रमांक 24 का आयोजन तेंदूखेड़ा न्यायालय में किया गया। इस खंडपीठ में पीठासीन अधिकारी के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पूजित कमल तथा सदस्य अधिवक्ता आशीष नामदेव की उपस्थिति रही। अधिवक्ताओं में राकेश शर्मा, रतन लाल साहू ,राकेश सीग ,मनोज सोनी मौजूद रहे लोक अदालत का शुभारंभ भारत माता की पूजन के साथ हुआ, जिसमें नगर पालिका, बैंक, न्यायालय के अधिवक्ता गण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित विभिन्न प्रकरणों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया। लोक अदालत में 61 अपराधिक प्रकरणों का निराकरण हुआ चेक अनादरण (धारा 138 एन.आई. एक्ट) एक मामला के अलावा तीन अन्य मामलों का निराकरण हुआ नगर परिषद द्वारा जलकर, संपत्ति कर एवं समेकित कर संबंधी प्रकरण: 295 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमे कुल 5,96,016 की वसूली हुई है।

## आगनवाडी केंद्र में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधा रोपण



तेंदूखेड़ा। नगर के वार्ड क्रमाक 11 के आगनवाडी केंद्र क्रमाक दो में पोषण माह 2025 में आयोजित गतिविधियों की थीम एक पेड़ मां नाम के तहत पौधा रोपण किया गया। ज्ञात हो कि 12 सितम्बर से 11 अक्टूबर 2025 तक पोषण माह का आयोजन किए जा रहे है। जिसके तहत विभिन्नन थीमो पर कार्यक्रम आगनवाडियो में आयोहित किए जा रही। इस दौरान कार्यकर्ता के द्वारा जलवायु संरक्षण पर अनेक विषयो पर चर्चा की गई। साथ ही लगाए गए पौधो के संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। पौधा रोपण में आगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार, सहायिका रीना ठाकुर, प्रज्ञा कटारे, रेखा खरे, कुसुम विश्वकर्मा, सियारानी, रेखा विलथिरे, विनीता सेन सहित अनेक महिलाए मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा

### सेवा पखवाड़े की तैयारियों सबंधी बैठक सम्पन्न, दिए गए अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से लेकर महात्मा गांधी जी की जयंती तक 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कई गतिविधियां आयोजित होंगी। पखवाड़ा के अंतर्गत मेडिकल कैम्प, रक्तदान शिविर, स्कूलों में क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और अन्य जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आशय की बात पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवा पखवाड़े की तैयारियों के सबंध में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस दौरान पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉं रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल विशेष रूप से मौजूद रही। राज्यमंत्री श्री पटेल ने जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों से कहा विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर आमजन तक इस अभियान का लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक चलने वाला यह सेवा पखवाड़ा जनता को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर भागीदारी करें और इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इस अवसर पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉं. रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने अपने विचार व सुझाव विस्तार से रखें। उन्होंने सभी से सेवा पखवाड़े अभियान में अपनी महती भूमिका अदा करने कहा। इस दौरान जिला कलेक्टर मिशासिंह, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठारके, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, सबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम मेहलवारा के सदर परिवार में शोक

**पथरिया।** भारतीय किसान संगठन के सक्रिय सदस्य एवं ग्राम



मेहलवारा के प्रतिष्ठित सदर परिवार के मान भगवानदास पटेल सदर जी का शनिवार को 95 वर्ष की उम्र में देवलोक गमन हो गया है जिनकी अंत्येष्टि गृह ग्राम मेहलवारा में सुबह 10 बजे की जाएगी।

### श्रीमती राजकुमारी गुप्ता का निधन

**हटा।** नगर के किराना व्यापारी सचिन उर्फ बीटू बड़ोनिया (गुप्ता) की मां श्रीमती राजकुमारी गुप्ता पति परशुराम गुप्ता (72) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे मुन्नालाल सुहाने, दिनेश सुहाने, ब्रजेश सुहाने की बहन थी। इनकी अंतिम यात्रा में नगर के सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। व्यापारी संघ ने शोक व्यक्त किया है।

## दुर्लभ तितलियों के खजाने से लबरेज है टाइगर रिजर्व

### 40 प्रकार की तितलियां जिनमें करीब 25 सामान्य है और 15 दुर्लभ तितलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

25 से अधिक बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद प्रदेश के सबसे बडे. वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है और जल्द ही अफ्रीकन चीते भी बसने वाले हैं. अभ्यारण्य अपनी जैव विविधता के लिए भी मशहूर है. यहां बाघों और दूसरे जानवरों के अलावा दुर्लभ पक्षियों का अपना अलग संसार है तो रंग बिरंगी आकर्षक तितलियां यहां के प्राकृतिक वातावरण की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं. पिछले सर्वे के आधार पर यहां कम से कम 40 प्रकार की तितलियां पायी जाती हैं. जिनमें करीब 25 सामान्य है और 15 दुर्लभ तितलियां है. यहां पाई जाने वाली तितलियां अपने रंग और आकृति के आधार पर अपने दुश्मन को छकाने का काम करती हैं, तो अपने साथी को रिझाने के लिए अपने रंगों और आकृति की इस्तेमाल करती है

### तितलियां फूलों की तरह आकर्षित करती हैं

दरअसल, तितलियां एक तरह से फूलों की तरह आकर्षित करती हैं. लोग घरों के बगीचों और जंगलों में नजर आने वाली तितलियों से काफी आकर्षित होते हैं. जैव विविधता के साथ वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण से आम जनता को जोड़ने के लिए वन विभाग समय-समय पर लोगों को जोड़कर बटरफ्लाई सर्वे करते रहते हैं. ऐसे में नौरादेही टाइगर रिजर्व में कई बार तितलियों के सर्वे हो चुके हैं. पिछले सर्वे के आंकड़ों पर गौर करें, तो यहां 25 से 40 प्रजाति की तितलियां पायी गयी हैं. जिनमें कई सामान्य और कई दुर्भल प्रजाति की हैं. नौरादेही में पायी जाने वाली जूनोनिया प्रजाति की तितली शिकारी को बेवकूफ बनाने में माहिर है. ये तितली पंखों पर कैमोफ्लाज बनाकर शिकारी को परेशान कर देती है. अपने आप को आसपास के वातावरण में ऐसे ढाल लेती है कि शिकारी डर जाए. इस प्रजाति की तितली को इसलिए मेमिक करने में माहिर कहा जाता है. अगर ये पत्तों के बीच रहेगी, तो पत्तों के रंग में अपने आप को ढाल लेगी और झाड़ियों के बीच होगी, तो अपने पंखों का रंग वैसा ही कर लेती है.







### कई प्रजाति की तितली

नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार यहां पर तो उसमें सामान्य प्रजाति की तितलियां हैं. उनमें पैरट, सेलर, लेपर्ड और जेजबेल तितली है. डिप्टी डायरेक्टर ए ए अंसारी बताते हैं कि लगभग सभी प्रकार की प्रजातियां यहां पायी जाती है. कई सर्वे के बाद हम तय कर पाते हैं कि हमारे पास कितनी प्रजातियां की तितली है. ज्यादातर कीट पतंगों का शिकार पक्षी या दूसरे शिकारी जानवर करते हैं. उससे बचने के लिए या छिपने के लिए पंखों के डिजाइन तैयार कर लेते हैं या ऐसी आकृति बन जाए कि हमलावर से बड़ी दिखाई दें.

### कई तितलियों की अलग-अलग खासियत

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन डॉ एए अंसारी का कहना है कि चूंकि तितली वन और वन्यप्राणियों के संरक्षण का जरूरी हिस्सा है. आजकल सामान्य लोगों को वन और वन्यप्राणी संरक्षण से जोड़ने के लिए एक अच्छा साधन है कि हम बटरफ्लाई सर्वे और इससे जुड़ी गतिविधि करें. नौरादेही में पहले बटरफ्लाई को लेकर सर्वे होते रहे हैं. जिसका डाटा हमारे पास है, तितलियों का जो रहवास विशेष होता है कि कौन सी प्रजाति किस तरह के रहवास में रहती है. हम भी सर्वे की योजना बना रहे हैं कि हमारे पास डाटा आ जाए कि कितनी प्रजातियों की तितली हमारे टाइगर रिजर्व के संरक्षित क्षेत्र में हैं. जो हमारे पास सर्वे का डाटा है, उसके अनुसार यहां करीब 25 प्रकार की तितलियां हैं. इसके अलावा कुछ आंकडे बताते हैं कि यहां पर 40 प्रकार की तितलियां हैं. तो उसमें सामान्य बटरफ्लाई है, जिनमें पैरट, सेलर, लेपर्ड और जेजबेल है. सभी प्रकार की प्रजातियां यहां पायी जाती है. कई सर्वे के बाद हम तय कर पाते हैं कि हमारे पास कितनी प्रजातियां की तितली हैं. ज्यादातर कीट पतंगों का शिकार पक्षी या दूसरे शिकारी जानवर करते हैं, तो उससे बचने के लिए या छिपने के लिए पंखों के डिजाइन तैयार कर लेते हैं, या ऐसी आकृति बन जाए कि हमलावर से बड़ी दिखाई दें।

## उमंग कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में उमंग प्रभारी सोनिका सोनी के मार्गदर्शन में श्रीमती वंदना सोनी ,डा आशा जैन, श्रीमती शशि प्रभा जैन श्रीमती प्रीति जैन श्रीमती रेखा नायक श्रीमती रानी श्रीवास्तव , इसरार खान, अजय




स्वर्णकार , अब्दुल रशीद , अर्जित खरे , राहुल अहिरवार आफरीन खान , नेहा पटैल एवं आसिफ खान के द्वारा विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । शासकीय आदेशानुसार इस अवसर पर साहित्य एवं कला क्षेत्र से विद्यार्थियों को मोटीवेट करने के लिए दमोह नगर के प्रतिष्ठित एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी युवा नाट्य मंच के संस्थापक राजीव अयाची ने अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ अनिल त्रिपाठी ने उमंग कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए शासन की इस सार्थक पहल की सराहना की। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता विजेता दसवीं की छात्रा अलफिया , चित्रकला प्रतियोगिता विजेता कक्षा दसवीं की छात्रा अफशा रजा एवं क्विज प्रतियोगिता की विजेता कक्षा बारहवीं से अनम बानों को संस्था प्रमुख डॉ . नाजिर खान के द्वारा पुरुस्कृत किया गया ।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी प्रदीप पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति करते हुए बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने पूर्व में गठित की गई। जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग कर दी गई है। शीघ्र ही वह समस्त ब्लॉको का दौरा कर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों से व्यक्गित मुलाकात कर नवीन कार्यकारिणी का गठन करेगें। कार्यकारणी में समाज के सभी वर्गो से रायशुमारी कर नवीन कार्यकारिणी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जायेगी।

### जनगणना प्रपत्र में गोंडी धर्म कालम कोड की मांग

**दमोह।** आदिवासी अधिकार दिवस 13 सितंबर 2025 शनिवार को अखिल गोंडवाना कोयापुनेम भूमिका सेवा संस्था संघ जिला दमोह के द्वारा जनगणना प्रपत्र में गोंडी धर्म कालम कोड की मांग हेतु राष्ट्रपति,राज्यपाल, प्रधानमंत्री, आयुक्त जनगणना नई दिल्ली के नाम तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी को सौपा गया। जिसमें जिला अध्यक्ष बृजेश शाह परस्ते, बबलू शाह मरावी जिला सचिव, बलदेव दादा निरगुआ, कमल शाह दलपतपुरा, यशवंत शाह, जग्गन पहलवान बंदकपुर, जित्तू शाह धुर्वे, डेलन शाह धुर्वे पिपरिया, प्रदेश सह सचिव नारायण शाह मरावी, आनंद शाह तिरपाछे, देव ठाना चौरई, श्यामलाल कुर्सेला, लक्ष्मी तेकाम महिला मोर्चा अध्यक्ष, दिनेश परस्ते, नरेश कुलहस्ते, अजीत धुर्वे, बीएस धुर्वे, प्रदीप मरकाम, प्रमोद मरकाम, सुखदेव मरावी, अलम सिंह मरावी एवं हजारों की संख्या में उपस्थिति रही।

## नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

# लंबित 682 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में किया गया। जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी के द्वारा ए.डी.आर. भवन में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने कहा कि लोक अदालत को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। जिससे पक्षकारों को त्वरित व शीघ्र न्याय प्राप्त हो सके। आपने अधिवक्ताओं द्वारा अब तक किये गये प्रयासों की *प्रशंसा* की और कहा कि आज आयोजित होने वाली लोक अदालत भी अधिवक्ताओं के सहयोग से सफल होगी। शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायाधीशों के द्वारा परिसर में स्थापित विभिन्न विभागों के स्टॉल का भ्रमण किया और प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की जानकारी ली।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। इस हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया है। प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नेशनल लोक अदालत खंडपीठों में पहुंचकर उपस्थित पक्षकारों व अधिवक्तागण को राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप इस नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 66 प्रकरणों में कुल 3 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित किये गये। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लंबित 119 विद्युत, 16 वैवाहिक, 105 चैक अनादरण, 292 दांडिक प्रकरणों सहित कुल 682 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर राशि छः करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित किये गये। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रिलिटिगेशन के 1052 प्रकरणों का निराकरण किया गया जाकर 81 लाख से अधिक की वसूली की गई।




### सात वर्ष का विवाद खत्म, भतीजे ने चाचा-चाची के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

जिला मुख्यालय दमोह में वर्ष 2019 से स्वामित्व की उद्घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दावा चाचा देवेन्द्र कुमार जैन एवं चाची अंजना जैन के द्वारा प्रतिवादी/भतीजे योगेश कुमार जैन के विरूद्ध मौजा कुलुवा उर्फ मारूताल स्थित खं. नं. 1/70/1 रकवा 1.26 हेक्टेयर भूमि के संबंध में प्रस्तुत किया गया था। उक्त प्रकरण के कारण चाचा-भतीजे के मध्य आपसी संबंधों एवं रिश्तों में अत्यधिक खटास आ गई थी। रिश्तों में खटास के कारण कई घटना घटित हुई जिसके कारण दोनों पक्षों के मध्य दाण्डिक प्रकरण भी पंजीबद्ध हुये, सिविल प्रकरण में गवाही के प्रक्रम पर विद्वान न्यायाधीश दिव्या रामटेके चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क खण्ड दमोह द्वारा दोनों पक्षों को राजीनामा की समझाइश दी गई। न्यायालय की समझाइश एवं अधिवक्ता अभिषेक सिंघई के सहयोग से मामला आज लोक अदालत की खण्डपीठ क्रमांक 11 के समक्ष सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में राजीनामा के माध्यम से सुलझाया गया। मौके पर जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर एवं दिव्या रामटेके की उपस्थिति में दोनों पक्षों को स्मृति स्वरूप फलदार पौधों का वितरण किया गया और भविष्य में विवाद ना करने की सलाह देते हुये पौधों का रोपण एवं उसकी देखभाल किये जाने की समझाइश दी गई। प्रकरण राजीनामा में समाप्त होने पर भतीजे योगेश जैन ने चाचा देवेन्द्र जैन एवं चाची अंजना के चरण स्पर्श किये, तो चाचा देवेन्द्र ने भतीजे योगेश को गले लगाकर अपनी जेब से 5000 रूपये दिये। तो न्यायालय का माहौल भावनात्मक बन गया। इस प्रकार लगभग 6 वर्षों से अधिक समय से चाचा-भतीजे के मध्य चल रहे विवाद का अन्त हुआ और दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद ना करने का प्रण लिया।

### सुलभ, सरल और शीघ्र न्याय प्रदान करने का उद्देश्य

**दमोह।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सुभाष सोलंकी ने कहा राष्ट्रीय सेवा प्राधिकरण और राज्य सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आमजन को सुलभ, सरल और शीघ्र न्याय प्रदान किये जाने के लिए नेशनल लोक आदालत का आयोजन किया गया हैं। जिले में वृहद रूप से 24 न्यायिक अधिकारियों की खंडपीठ तैयार की गई, एमएसीटी के प्रकरणों में सभी बीमा कंपनियों के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ प्रीसीटिंग की जाकर प्रकरणों के निराकरण हेतु पहले बहुत अच्छे प्रयास किए गए।

उन्होंने कहा न्यायाधीशगणों ने बहुत अच्छा प्रयास किया है। लोक आदालत के माध्यम से जिन प्रकरणों का निराकरण होगा उसमें महत्वपूर्ण बात यह रहेगी कि उन प्रकरणों में कोई अपील नहीं होगी। यह मान के चले कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश जैसा ही वह एक आदेश होगा। इन प्रकरणों के अंतिम रूप से निराकरण हो जाने पर पक्षकारों में हमेशा-हमेशा के लिए सद्भावना बनी रहेगी, भाईचारा बना रहेगा और उनके बीच हुए मतभेद हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगे, यही मतभेद समाप्ति अधिक खुशी लेकर जाने जैसी हैं।

उन्होंने कहा एक नारा और इसमें रहता है कि इन प्रकरण के निराकरण में न किसी की जीत होती है न किसी की हार होती हैं, दोनों जीते ही कहलाएंगे।

### कुटुम्ब न्यायालय दमोह में निराकृत हुये 37 प्रकरण

कुटुम्ब न्यायालय दमोह से पति-पत्नि को समझाईश दिये जाने के बाद दोनों पक्ष साथ-साथ रहने को तैयार हुये और अपने प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। ऐसे कुल 37 मामलो में पक्षकारों के द्वारा साथ रहने का निर्णय लिया गया और विवाद समाप्त किया गया। ऐसे 03 प्रकरणों में जो विवाद विच्छेद के लिए प्रस्तुत किये गये थे उन प्रकरणों में दम्पत्तियों के द्वारा अपना प्रकरण वापिस लिया जाकर न्यायालय से खुशी-खुशी साथ रहने हेतु विदा हुए। ऐसे दम्पत्तियों को प्रधान जिला न्यायाधीश दमोह व प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दमोह के द्वारा ऐसे पक्षकारों को स्मृति के रूप में फलदार पौधे प्रदान किये गये एवं उनकी परवरिश करने हेतु कहा गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा सिंह, जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दमोह कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, अभियोजन अधिकारी कैलाश पटैल, नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पाण्डे, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया, जिला अभियंता (विद्युत) एमएल साहू, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ दीपक सोनी, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ विश्वनाथ बिल्थरे, अधिवक्तागण, द्यिुत विभाग, बैंक व नपा न्यायालयीन कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## देव श्री जागेश्वर नाथ धाम पहुंचे नवागत प्रभारी कलेक्टर



**बनवार।** देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में आज नवागत प्रभारी कलेक्टर मिशा सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने विधि-विधान से देव श्री जागेश्वर नाथ जी का पंचामृत पूजन-अभिषेक किया और मंदिर परिसर के सभी प्रमुख देवालयों में दर्शन किए। इसके बाद कलेक्टर मंदिर सभागार पहुँचीं, जहां सहायक प्रबंधक केदारनाथ दुबे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें श्री जागेश्वर नाथ जी का चित्र एवं इतिहास पुस्तिका भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, आरआई लक्ष्मण मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, पटवारी विक्रम धाकड़, यशपाल ठाकुर, शुभम पाठक, रामबाबू तिवारी, राम प्रताप पांडे, पीयूष तिवारी, अमित गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवागत प्रभारी कलेक्टर के प्रथम आगमन को लेकर बांदकपुर धाम में श्रद्धालुओं और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों में उत्साह का वातावरण रहा।

## फैसला: सरकारी जमीन पर निजी दावा खारिज

**दमोह।** न्यायाधीश स्नेहा सिंह की कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में एक सरकारी जमीन पर निजी स्वामित्व के दावे को खारिज कर दिया है। यह मामला ग्राम भाट खमरिया, तहसील जबेरा से जुड़ा है, जहाँ मदन रायकवार ने खसरा नंबर 210 और 211 की कुल 0.880 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अपना स्वामित्व होने का दावा किया था। मामले में राज्य सरकार द्वारा कलेक्टर की ओर से राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने कोर्ट में उपस्थित होकर पक्ष रखा। मामला इस प्रकार था, वादी मदन रैकवार ने कोर्ट में एक दावा पेश किया था कि तहसील जबेरा की भाट खमरिया की सरकारी जमीन उसके पिता और दादा के समय से वर्ष 1940 से उनके कब्जे में है, और इसलिए इसका मालिकाना हक उनके परिवार को मिलना चाहिए। वादी का कहना था कि यह जमीन उसके पूर्वजों ने खरीदी थी और वे 1940 से इस पर खेती कर रहे हैं। इस दावे के समर्थन में वादी ने एक पुराना रजिस्ट्रीकरण दस्तावेज और दो साक्षी भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किये। वहीं सरकारी वकील ने तहसीलदार जबेरा का जवाबदावा प्रस्तुत कर न्यायालय में बताया कि विवादित भूमि के तालाब के पानी का उपयोग गांव के लोग और जानवर करते है और जो खाली जमीन है उसमें शासन क्षेत्र के लोगों के हित में कार्य करना चाहती है, वादी ने जमीन के वर्तमान में बेशकीमती होने से हड़पने के उद्देश्य से केस लगाया है।

### कोर्ट का फैसला

कोर्ट ने इस पूरे मामले की गहनता से जाँच की और दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। कोर्ट ने पाया कि खसरा नंबर 210 और 211 की जमीन सरकारी अभिलेखों में मध्यप्रदेश शासन के नाम पर दर्ज है और यह जमीन सार्वजनिक उपयोग में है। निर्णय में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी जमीन पर सिर्फ कब्जे के आधार पर निजी मालिकाना हक का दावा नहीं किया जा सकता, वैसे भी वादी अपने दावे को साबित करने के लिए कोई ठोस कानूनी सबूत पेश नहीं कर सका, साथ ही सरकारी जमीन पर निजी दावे को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता जब तक कि उसका स्पष्ट और वैध कानूनी आधार न हो।

## शुभम वर्मा उपपुलिस अधिक्षक बने

**दमोह।** जिले के होनहार विवेकानंद कालोनी निवासी जिन्होंने एम.पी.पीएससी. की परीक्षा में उनका चयन संचालक लोक शिक्षण संस्था में चयन हुआ था और वह वर्तमान में भोपाल में पदस्थ है। उसी तारतम्य में



उन्होंने अथक मेहनत करते हुए एम.पी.पीएससी. 2024 की परीक्षा में 5वीं रैंक प्राप्त करते हुए उनका चयन उप पुलिस अधीक्षक पद पर हुआ है वह अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं चाचा को देते है गौरतलव है कि उनके दादा सेवानिवृत्त एवं डी.ओ. वन विभाग में और पिता आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ है साथ ही समय समय पर मार्गदर्शन करने वाले उनके चाचा के.के. वर्मा पूर्व शासकीय अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता है उनकी इस सफलता पर मानक पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, अजय टंडन पूर्व विधायक, रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पंकज खरे, अनुनय श्रीवास्तव, मुकेश जैन, मंटु राजकुमार सोनी, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, राशु चौहान, अमर राजपूत, मिक्की चंदेल, अनिल खरे सहित नगर के सभी वर्गो के प्रतिष्ठतो ने बधाई दी है।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने की शिकायत

# सरकारी स्कूल की दीवार व छत में धर्म विशेष से सम्बंधित बनाए स्लोगन




**हटा।** बटियागढ विकासखंड के एक सरकारी स्कूल की दीवारों में इस्लाम धर्म के प्रतीक चिन्ह स्टार एवं स्लोगन पाए जाने का मामला प्रकाश में आया है जिस मामले में आपत्ति लेते हुए हटा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की है। दरअसल बटियागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया के टोला इस्लामपुरा खमरिया शासकीय प्राथमिक स्कूल की दीवारों में धर्म विशेष से सम्बंधित स्लोगन,इस्लाम धर्म के प्रतीक चिन्ह अंकित होने और बिना शासकीय रिकार्ड में दर्ज किए टोले का नाम इस्लामपुरा रखने के मामले की जानकारी हटा में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय एवं हटा अध्यक्ष भरत राय को मिलने पर खमरिया स्कूल पहुंचकर देखा तो इस्लामी धर्म की प्रतीक चिन्ह स्लोगन एवं ईद मुबारक के चिन्ह बने हुए थे जिसकी जानकारी इनके द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई। जहां प्रशासन को जानकारी लगते ही अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी शिक्षा विभाग अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ इस्लामपुरा स्कूल पहुंचे और मामले की जांच की तो स्कूल में इस्लामी धर्म की प्रतीक चिन्ह और इस स्लोगन लिखे पाए गए जहां अधिकारियों की मौजूदगी में ही स्कूल परिसर में लिखे वह स्लोगन और चित्र मिटाए गए जिनपर हिन्दू संगठनो ने आपत्ति जताई थी। जांच दल के अधिकारियों ने यहां पाया कि इस्लामपुरा गांव का नाम शासकीय रिकार्ड आदि में दर्ज नही है। जबकि स्कूल के बाहर बोर्ड पर प्राथमिक शाला इस्लामपुर खमरिया लिखा हुआ था। जिसको लेकर हिंदू संगठनों आपत्ति दर्ज कराते हुए इसका नाम बदलकर स्थानीय समाजसेवी के नाम से करने अधिकारियों से आग्रह किया। स्कूल में जांच करने पहुंचे अधिकारियों का कहना है कि किसी धर्म विशेष पर फोकस या अनावश्यक गतिविधियों जैसी स्थिति यहां सामने नहीं आई है, स्कूल में समान रूप से सभी को शिक्षा दी जा रही है। विद्यालय में शासन के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप ही शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है। यदि स्कूल के नाम पर आपत्ति है तो इसकी विधिवत ग्राम पंचायत स्तर से प्रस्ताव तैयार कर जनपद व शिक्षा विभाग भेजकर कार्यवाही की जा सकती है। वहीं विश्व हिंदू परिषद के बबलू राय भरत राय ने बताया कि यह स्कूल अठया परिवार द्वारा दी गई दान की भूमि पर निर्मित है दान पत्र में कही भी इस्लामपुरा का उल्लेख नही है फिर भी दस्तावेजों में इस्लामपुरा के नाम से स्कूल संचालन किया जा रहा है। स्कूल के भीतरी कमरों की सीलिंग में स्टार बनाए गए हैं। कई बार ईद मुबारक लिखा है। जबकि शिक्षा विभाग द्वारा किसी भी धर्म संप्रदाय के प्रतीक चिन्ह स्कूलों में बनाए जाने की पाबंदी है जिसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की गई।

# वाहन चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार,15 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पथरिया थाना पुलिस ने वाहन चोरी पर बड़ी कार्यवाही करते हुये दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया जिससे दर्जन भर से ज्यादा जब्त वाहन जिनकी कुल कीमत लगभग 04 लाख रूपये है व आरोपी से कुल 15 वाहन जब्त किये। आरोपी पथरिया थाना क्षेत्र के आसपास से वाहन चोरी करता था एवं थाना पथरिया व ओर भी अन्य थाना क्षेत्रो से भी वाहन चोरी किये है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में वाहन चोरी की बढती घटनाओं को नियंत्रण में लाने हेतु पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया द्वारा वाहन चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ती सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, अनुविभागीय अधिकारी पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना पथरिया अमित मिश्रा व उनकी टीम को शहर में हो रही वाहन चोरी के आरोपियों की तलाश पतारसी में लगाया था। घटना क्र 01 फरियादी दीपचंद तिवारी निवासी वार्ड क्र. 15 पथरिया जिला दमोह ने मोटर साईकिल क्र.MP 34 MQ 3471 हीरो सुपर स्पेलेंडर कीमती करीबन 40,000 रूपये चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई दी थी। घटना क्र 02 में फरियादी भूपेन्द्र सिंह लोधी निवासी वार्ड क्र. 15 पथरिया जिला दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर साईकिल मंदिर के बाहर खड़ी करके दर्शन करने के लिये मंदिर के अंदर गया था जो मैं दर्शन करके वापिस लौटा तो मेरी मोटर साईकिल नहीं मिली जिसकी तलाश मैंने आसपास एवं कस्बा परिया में की। जो कोई पता नहीं चला। घटना क्र 03 फरियादी राजेश अहिरवार निवासी वार्ड क्र. 05 थाना परिया जिला दमोह ने दमोह रोड पर ताम्रकार गार्डन में अखाड़ा देखने गया था जहां से मेरी मोटर साईकिल चोरी हो गई। घटना क्र 04 फरियादी लीलाधर साहू निवासी वार्ड क्र.04 पथरिया जिला दमोह ने भी बाईक चोरी की सूचना दी। थाना पथरिया जिला दमोह द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर वाहन चोरी के आरोपियो को पकड़ा जिन्होनें जिला जबलपुर, डिण्डोरी, सागर व दमोह से दर्जन भर से ज्यादा वाहनो की चोरी करने का जुर्म स्वीकार किया एंव दमोह एंव जबलपुर जिलो में पूर्व से ही कई अपराध पंजीबद्ध है। गिरफ्तार आरोपियों में राकेश विश्वकर्मा निवासी सिविल वार्ड न.07 दमोह, प्रेश विश्वकर्मा निवासी बढग्वों थाना नोहटा दमोह , राजकुमार पटैल निवासी वार्ड क्र 15 परिया दमोह को पकड़कर पूछताछ की गई जिससे पुलिस ने 15 चोरी की बाइरक जब्त की है। मामले में सराहनीय भूमिका निभाने वाले थाना प्रभारी पथरिया अमित मिश्रा, सउनि बलविंदर सिंह, प्रआर. अनिल गौतम, प्र. आर शैलेन्द्र अठ्या, प्र. आर. राकेश तिवारी, आरक्षक नवीन बैन, आर. अजय कुर्मी, आर. संदीप कुर्मी, आर. अमन बाल्मीकि, आरक्षक कृष्णकुमार राजपूत, आरक्षक मणिवलेप्पा, सायवर सेल से प्र. आर सौरभ टंडन, प्र. आर. राकेश अठ्या, आर. मयंक दुबे, आर. रोहित राजपूत जीआरएस कृष्णा के नाम शामिल है।

## दो देशी कट्टा, तीन नग हथगोला लिए दो आरोपी गिरफ्तार



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध हथियार रखने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। दिनाँक 13.09.25 को मुखबिर सूचना के आधार पर धरमपुरा सीताबाबली दमोह के पास रेड कार्यवाही कर आरोपी सत्यम पटैल पिता जगदीश पटैल नि. हरिजन थाने के सामने सिविलवार्ड नं. 3 दमोह, दिन्नू उर्फ समीर वंशकार पिता राजा बंशकार नि. कैदी की तलैया सिविल वार्ड नं. 3 दमोह के कब्जे से 12 बोर के 02 देशी कट्टा कीमती करीबन 10000 रूपये 03 नग जिंदा हथगोला कीमती 1500 रूपये एवं एक बिना नंबर टीवीएस अपाची मोटर साईकिल कीमती करीबन 100000/- रूपये की जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 711/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 130,177(3) एमव्ही एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। कार्यवाही में अधिकारी कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि अलजार सिंह, प्रआर, अभिषेक चौबे, प्रआर. कृष्णकांत व्यास, आयुष मिश्रा शामिल रहे।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक लिए दो आरोपी गिरफ्तार

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य में दिनाँक 13.09.2025 की दरम्यानी रात को मुखबिर सूचना के आधार पर सीताबावली मरघटा के पास में रेड कार्यवाही कर आरोपी धीरसींग उर्फ धीरज उर्फ धीरू जादौन पिता बेलात सींग जादौन नि. अटा सुमावली मुरैना, कल्याण कुशवाहा पिता रामप्रकाश कुशवाहा नि. मजरा झोडपुरा सुमावली मुरैना के कब्जे से 06 ग्राम स्मैक कीमती करीबन 30000/- रुपये एवं एक छोटा एलेक्ट्रानिक तराजू कीमती 1000 का जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र. 710/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया जावेगा। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि अलजार सिंह, प्रआर, अभिषेक चौबे, प्र.आर. अजीत दुबे, प्रआर देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर महेश यादव, आर. आर. नवल किशोर यादव, आर. कृष्णकांत व्यास, आयुष मिश्रा शामिल रहे।

### हरिभूमि परिवार में हुये शामिल

## सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक को किया सम्मानित



**जबेरा।** जबेरा निवासी एवं जबेरा तहसील अंतर्गत माध्यमिक शाला कोंरता से सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक द्वारका शर्मा का जबेरा पहुंच कर हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना लाल सोनी, नारायण शर्मा, शर्मा जी के अनुज प्राचार्य रामकिंकर शर्मा उपस्थित थे। सभी ने हरिभूमि ब्यरो प्रमुख का आभार माना। बाद में नरेन्द्र बजाज ने श्री शर्मा से हरिभूमि परिवार में शामिल होने का आमंत्रण दिया जिसे उन्होने स्वीकार किया व परिवार में शामिल होने की स्वीकृति दी। श्री शर्मा अब जबेरा में हरिभूमि प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे।

## 7 वाहनों के काटे चालान

**तेंदूखेड़ा।** 15 दिवसीय अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है इस अभियान के अंतर्गत शनिवार शाम 5 बजे थाना प्रभारी नितेश जैन ने कार्रवाई करते हुए 7 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए हिदायत दी और जुर्माना भी वसूला है। दरअसल जबलपुर मार्ग पर तेन्दूखेड़ा पुलिस द्वारा नियमों का उल्लघंन करने वाले बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले और बिना सीटबेल्ट के कार चलाने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही की है और 7 लोगो का चालान काटकर 2 हजार 900 रुपए जुर्माना वसूला है।